कार्यालय प्राचार्य, कि. शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/937/स्था./2021 रायगढ़, दिनांक– 26.10.2021

//विज्ञप्ति//

छत्तीसगढ़ शासन, आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर अटलनगर के पत्र .क्र. 724/126/आउशि/राज.स्था./2021, अटलनगर, नया रायपुर, दिनांक 18.10.2021 के द्वारा प्रसारित निर्देशों के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिये महाविद्यालय में प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक पद के रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्व में स्वीकृत मापदण्डों एवं दरों पर अतिथि व्याख्याताओं के रूप में अध्यापन कार्य करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 02/11/2021 तक आमंत्रित किये जाते हैं। अध्यापन कार्य हेतु मानदेय प्रति कालखण्ड रू. 200/– (प्रति दिवस, अधिकतम मानदेय रू. 800/– एवं प्रतिमाह अधिकतम मानदेय रू. 20800/–) देय होगा।

अतिथि व्याख्याताओं के निम्नांकित विषयों में आवेदन आमंत्रित है –

क्रमांक	विषय	पद संख्या
1	रसायनशास्त्र	02
2	भौतिकशास्त्र	01
3	गणित	02
4	वनस्पतिशास्त्र	02
5	हिन्दी	01
6	अंग्रेजी	02
7	वाणिज्य	01
8	कम्प्यूटर एप्लीकेशन	01
	कुल पद संख्या	12

शर्तें:–

1. अतिथि व्याख्याता किसी भी हैसियत से महाविद्यालयीन स्थापना के अन्तर्गत नहीं माने जायेंगे एवं वे लोक सेवक की विहित परिभाषा के अन्तर्गत ''लोक सेवक'' नहीं माने जायेंगे।
2. अतिथि व्याख्याता की हैसियत से कार्य करने के लिए यह अध्ययन व्यवस्था अप्रैल 2022 तक के लिए है, परन्तु इस मध्य महाविद्यालय में नियमित प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक की शासन द्वारा पदस्थापना किये जाने पर यह व्यवस्था स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
3. यह व्यवस्था छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा अतिथि व्याख्याता अधिसूचना 2012 से 2021 तक एवं छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत क्रियान्वित होगी।
4. कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं बनेगी और न ही अधिमानित बर्ताव (Preferenetial Treatment) के हकदार होंगे।
5. चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर एवं यू.जी.सी. मापदण्डों के अनुरूप की जाएगी।
6. नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

प्र.प्राचार्य,
कि. शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/938/स्था./2021 रायगढ़, दिनांक– 26.10.2021

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनलाय, ब्लॉक सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. अपर संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

26/10/21

प्र.प्राचार्य,
कि. शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

26.10.21